PUBLICATION NAME : Veer Arjun

EDITION : Delhi

DATE : 20-11-2021

PAGE : 11

# ईडीआईआई को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने दी 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की मान्यता

नई दिल्ली, (वीअ)। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीटट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) को देश के स्किलिंग ईकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा 'सेंटरऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा एक आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना जारी की गई है। मंत्रालय द्वारा कई मापदंडों पर संस्थान की गहन जांच के बाद दी गई मान्यता शुरू में पांच साल के लिए वैध होगी। एमएसडीई द्वारा जारी सीओई की मान्यता दिशानिर्देशों के अनुसार एक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' एक ऐसा निकाय है, जो तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नेतृत्व, सर्वोत्तम अभ्यास, अनुसंधान और विकास सहायता, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसका अर्थ है ऐसा निकाय जहां उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाता है।